**खबर संक्षेप**

### हादसे के बाद भी नहीं जाग रहा टोल प्रबंधक

**मैहर।** बरही मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है जगह जगह रोड पर गड्ढे है,टोल का ठेका एमपी आरडीसी ने लिया है दर्जनों शिकायत के बाद भी रोड मेंटेनेंस का कार्य नहीं करवा रहा जिससे आए दिन हादसे होते हैं अभी हाल ही में भदनपुर टोल प्लाजा पर भीषण सड़क हादसा हो गया था जिसमें एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई थी। परिजनों ने ग्रामीण जनों के साथ मिल चक्का जाम किया था। जहां प्रशासन के आला अफसर भी पहुंचे थे और स्थानीय समाजसेवी नेताओं की मौजूदगी में समझाइस के बाद जाम खुला था, इसके साथ ही प्रशासन ने फटकार लगाते हुए कड़े शब्दों में टोल प्रबंधक को जल्द गड्ढे और साइड शोल्डर समेत एम्बुलेंस एवं टोल में फास्ट ट्रैक लगाने जैसे विभिन्न नियम को पालन कराने हेतु निर्देशित किया था इसके बावजूद टोल प्रबंधक प्रशासन की बातों को दरकिनार कर अपना तानाशाही रवैया अपनाते हुए बिना रोड मेंटेनेंस का कार्य कराए धड़ल्ले से टोल पर उसूली कर रहा है। जिसका ग्रामीणों द्वारा गड्ढे पर धरना देते हुए जल्द विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी पूर्ण जिम्मेवारी शासन प्रशासन की होगी।


### शराब पीने के लिए मांगे पैसे, मना करने पर फेंके बर्तन

**मैहर।** ढाबा संचालक ने खाना खिलाने और शराब पीने से मना करने पर दबंगों ने ढाबा मालिक को पीटा और ढाबा में रखा बर्तन और समान सड़क पर फेक कर फरार हो गए घटना के बाद ढाबा मालिक ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज कराया। मामला मैहर थाना अंतर्गत सरलानगर के पास सगमनिया गेट का है। ढाबा संचालक मुकेश जायसवाल ने बताया कि शनिवार की रात 10 बजे ढाबा बंद करने के दौरान वहीं पास के गांव के रामानंद पटेल और के पी पटेल पहुंचे और खाना खिलाने और शराब के लिए पैसे की मांग करने लगे मेरे द्वारा मना करने के बावजूद जबरजस्ती शराब के लिए पैसे की मांग करते हुए दुकान में रखा सारा सामान रोड पर फेक दिया और मेरे साथ मारपीट करने लगे चीख पुकार सुन बादल साकेत एवं जितेंद्र रावत ने बीच बचाव कराया इसके बाद दोनों रामानंद और के पी मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए उक्त घटना के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

### मां जैसी मिट्टी की पुकार

**मैहर।** जहाँ एक ओर किसान अपनी मातृभूमि को सींचते हैं,वहीं दूसरी ओर औद्योगिक पूंजी के बुलडोज़र उस पवित्र धरती को रौंदने को आतुर हैं। ग्राम पंचायत लखवार और सोनवारी क्षेत्र में केजेएस सीमेंट कंपनी द्वारा किसानों की पुश्तैनी जमीन पर रेलवे लाइन निर्माण का कार्य किसानों की आत्मा पर एक गहरा प्रहार बनकर उभरा है। यह जमीन केवल खेत नहीं है यह उनके पुरखों की यादों आशीर्वादों और संघर्षों की वह पवित्र धरा है,जिसे अब व्यापारिक लाभ की दौड़ में रौंदा जा रहा है शासन और प्रशासन इन किसानों के हित में ध्यान आकर्षित नहीं कर रहा है। सभी ग्रामीणजन माननीय न्यायालय की शरण में हैं। न्यायालय प्रक्रिया के सभी अवसरो का विधि अनुसार प्रयोग करना चाहते हैं जिसमें निर्णय उपरांत विपरीत परिस्थितियों में किसी भी कोर्ट तक न्याय के लिये गुहार क्यों ना लगाने की आवश्यकता पडे उसके लिये भी यह सभी तैयार हैं किसानों और भूस्वामी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि यह धरती हमारी मां है हमने यहां अपने बचपन मे पैर पसारे अपने बुढ़ापे की छाया देखी और अपने पुरखों को यहीं मिट्टी में समर्पित किया हमारे स्मरण पटल पर इन भूमियों की अमिट छाप है जिसे विस्मृति नहीं किया जा सकता। अब जब इस धरती को धूल,धुएँ और धमकियों से घायल कर दिया गया है,तब हमसे यह पूछा जा रहा है कि इसे विकास के नाम पर छोड़ क्यों नहीं देते?

### रुस्तम जी अवार्ड से नवाजे गए साइबर सेल के दीपेश



**सतना।** सतना में साइबर सेल में पदस्थ दीपेश रुस्तम जी अवार्ड से पुरस्कृत किए गए हैं। आपको बता दे कि के एफ.रुस्तम जी पुरुस्कार वर्ष 2020 के लंबित प्रस्ताव पर शासन ने आदेश जारी किया है। जिसकी सूची पुलिस मुख्यालय ने जारी की है। सायबर सेल में कार्यरत कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक दीपेश कुमार पटेल को विशिष्ट श्रेणी में 50 हजार रुपए एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है। श्री पटेल ने वर्ष 2019-2020 में कार्य करते हुए जिला सतना अंतर्गत घटित सनसनीखेज गंभीर घटनाओं एवं सम्पत्ति संबंधी अपराधियों की गिरफ्तारी एवं अपराधों का खुलासा में उत्कृष्ट कार्य करते हुए उच्च श्रेणी की व्यवसायिक दक्षता का परिचय दिया है।

# सरकारी अस्पताल में भर्ती मरीज पर जानलेवा हमला





### सोहावल में हुआ था एक्सीडेंट दोनों पक्ष अस्पताल में भर्ती,परिजनों ने हॉस्पिटल का मेन गेट किया बंद

सतना। रविवार के दोपहर सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में उस वक्त सनसनी फैल गई जब यहां पर भर्ती मरीज पर दो अज्ञात लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया।घटना के बाद यहां अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया और आरोपी मौके से फरार होने में सफल हो गए। घायल का तत्काल अस्पताल में मौजूद पैरामेडिकल स्टाफ ने इलाज किया और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद सिटी कोतवाली के थाना प्रभारी रविंद्र द्विवेदी दलबल के साथ अस्पताल पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है घटना की जांच की जा रही है। सिटी कोतवाली के टी आई रविंद्र द्विवेदी ने बताया कि सोहावल में दो मोटर सवार व्यक्तियों के बीच एक्सीडेंट की घटना घटित हुई। दोनों लोग घायल हुए जिसमें एक का नाम आकाश चौधरी और दूसरे का नाम संजय सिंह है। इसी बात को लेकर अस्पताल में विवाद हो गया और एक पक्ष के सर पर चूड़ा मार कर उसे घायल कर दिया गया। उन्होंने बताया कि अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है। एक्सीडेंट की घटना में घायल एक व्यक्ति को मामूली चोटे आई थी जिसका उपचार करने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। वहीं दूसरे चालक आकाश चौधरी के हाथ में फ्रैक्चर था।बताया जाता है कि आकाश को वार्ड नंबर 2 में भर्ती किया गया था। कुछ देर बाद दो अज्ञात लोग वार्ड में आए। उन्होंने अन्य मरीजों के परिजनों से एक्सीडेंट वाले मरीज के बारे में पूछा।आकाश को पहचानते ही उसे पीटने लगे।आकाश के भाई रोहित ने बचाव किया।इस पर आरोपियों ने हमला कर दिया। शोर मचने पर दोनों आरोपी भाग गए।

#### परिजनों ने अस्पताल का मेन गेट बंद कर प्रदर्शन किया

घटना की जानकारी मिलते ही आकाश के परिजन और दोस्त अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मेन गेट बंद कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। अस्पताल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में सुरक्षाकर्मियों के समझाने पर मामला शांत हुआ।

## टाउन हॉल के पास चौपाटी में युवक पर चाकू से कातिलाना हमला, हालत गंभीर







**सतना।** कोलगवां कोतवाली के सिमरिया चौक टाउन हॉल परिसर में स्थित चौपाटी में रविवार की शाम एक युवक को चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। उसे सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के कारण संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल रीवा रेफर कर दिया गया है। टीआई सुदीप कुमार सोनी ने बताया कि पंकज चौधरी नामक युवक पर चाकू से हमला किया गया है। घायल बोलने की स्थिति में नहीं है इसलिए अभी उसका बयान नहीं लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। उधर एक अन्य जानकारी के मुताबिक अशोक और पंकज दो लोग यहां पर मौजूद लाल नामक व्यक्ति की दुकान में शराब पी रहे थे। इसी दौरान परिहार नाम का एक व्यक्ति यहां पर आया वह भी इन लोगों के साथ शराब पीने लगा। बताया जाता है कि सभी लोग एक दूसरे को जानते हैं। शराब पीने के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद परिहार और उसके एक अन्य साथी ने पंकज चौधरी पिता राजकुमार चौधरी 28 वर्ष निवासी बरदाडीह पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। बाद में परिहार ने पंकज चौधरी पर चाकू से हमला किया और फरार हो गया। बताया जाता है कि घायल काफी देर तक घटनास्थल पर पड़ा रहा। उसके शरीर से अत्यधिक मात्रा में खून निकल गया है। हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद रीवा रेफर कर दिया है।

# भुक्तान न होने से नाराज किसानों ने रीवा शहडोल मुख्य मार्ग को किया बंद





### घंटो जाम में फंसे रहे सैकड़ों छोटे बड़े वाहन

मैहर।

रविवार को रामनगर तहसील के सैकड़ों किसानों ने रीवा- शहडोल मुख्य मार्ग को अवरोध करते हुए आवागमन पूरी तरह से बंद कर दिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों को समझाने की कोशिश की लेकिन भुगतान न मिलने से नाराज किसान अपनी मांग पूरी करने के लिए अडे रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में वाहन भी जाम में फंसे रहे। जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा। किसानों के आंदोलन को देखते हुए यहां पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। बताया जाता है कि रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मनकीसर धान खरीदी केंद्र में किसानों द्वारा फसल बेची गई थी। खरीदी केंद्र में हुए घोटाले में 78 किसानों 1 करोड़ 40 लाख रुपए लंबित भुगतान को लेकर किसान लंबे समय से परेशान है। रविवार को किसानों ने बूढ़ाबाउर गांव में सड़क जाम कर दी और आंदोलन पर बैठ गए। जाम रीवा शहडोल मुख्य मार्ग में लगा होने के कारण सैकड़ों की संख्या में वहां भी जहां-तरह फंसे रहे। जानकारी के मुताबिक 4 हजार कुंटल धान हुई थी। जिसपर डीएम नान ने समिति प्रबंधक,सुपर वाइजर एवं आपरेटर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसकी वजह से किसानों का भुक्तान लंबित है।

#### मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी

फूड इंस्पेक्टर बृजेंद्र,जड़िया तहसीलदार रोशन रावत,ललित धार्वे,थाना प्रभारी टीकाराम कुर्मी सहित प्रशासनिक अधिकारी ने समझाइश दी इसके बाद आंदोलन खत्म हुआ और यातायात बहाल किया गया।

### अज्ञात लोगों ने बिजली की अंडरग्राउंड केबल में लगाई आग, ट्रांसपोर्ट नगर में 4 घंटे तक गुल रही बिजली

**सतना।** कारगिल ढाबा के पास मुख्य उपकेंद्र ट्रांसपोर्ट नगर आने वाले 33 केव्ही अति उच्चदाब फीडर की अंडरग्राउंड केबल में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आग लगा दी गई,जिसके कारण केबल क्षतिग्रस्त हो गई है। यह जानकारी रविवार को बिजली विभाग शहर के संभाग अभियंता नीलाब श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि घटना के कारण ट्रांसपोर्ट नगर उपकेंद्र की विद्युत प्रवाह 4 घंटे तक बंद रहा। विभाग द्वारा फॉल्ट मिलने के पश्चात दूसरी केबल में सप्लाई को डाला गया।जिसमें 2 घंटे का समय लग गया, साथ ही उसके सुधार के लिए पास से निकले पावरहाउस और मटेहाना फीडर को भी बंद किया गया। शहर के साथ औद्योगिक क्षेत्र की लाइन प्रभावित हुई है। जिससे ट्रांसपोर्ट नगर के दोनों इनकमिंग बंद हो गए और विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद हो गई।

**बढ़ रहा है बिजली का लोड-** शहर में अत्यधिक लोड बढ़ने के कारण,वर्तमान में उपकेंद्रों में लोड बढ़ने के कारण एक उपकेंद्र को दूसरे 33 के व्ही लाइन में डाला जाना संभव नहीं हो पा रहा है। विगत वर्ष शहर की डिमांड 70 एम डब्ल्यू के लगभग थी,जो कि अब बढ़ कर 90 एम डब्ल्यू के लगभग चल रही है। शहर संभाग के सहायक अभियंता अनुरक्षण ने बताया कि शहर में बढ़ते लोड के कारण टीम बढ़ाई गई है। रात्रि कालीन समय में अतिरिक्त टीम लगाई गई है,जिससे कंप्लेंट बनाई जा सके। कार्यपालन अभियंता नीलाभ श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में रात्रिकालीन अवधि के अधिकारियों की ड्यूटी लगी है। जिससे कि एफओसी टीम में समन्वय रहे। जरूरत पड़ने पर एक टीम सेंटर को अन्य एफओसी से अतिरिक्त टीम और मैन पावर शिफ्ट की जाती है।

**बिजली ट्रिप होने की समस्या बढ़ी-** अभी रात्रिकालीन अवधि में अधिक ट्रिपिंग की बात पर उनके द्वारा बताया गया कि फोन पर तार टूटने,आग लगने,केबल टूटने की सूचना रात्रि को आती है तो तत्काल फीडर बंद किया जाता है जिससे कि कोई हानि न हो,समस्या वाले स्थान को टीम तत्काल जाकर चेक करती है और उस सेक्शन को कटवाकर विद्युत प्रवाह चालू करवाती है। सारी रात टीमें लगातार कंप्लेंट अटेंड करती है।सीमित स्टाफ से ज्यादा से ज्यादा और जल्द से जल्द कंप्लेंट अटेंड करने का हमेशा प्रयास रहता है। एक अधिकारी लगातार रात्रि 10 से सवेरे 6 तक ड्यूटी पर रहकर कंप्लेंट टीम से जुड़ा रहता है। लोड कम होते ही स्थिति सामान्य होगी।


## अज्ञात लोगों ने बिजली की अंडरग्राउंड केबल में लगाई आग

# ट्रांसपोर्ट नगर में 4 घंटे तक गुल रही बिजली

सतना।

कारगिल ढाबा के पास मुख्य उपकेंद्र ट्रांसपोर्ट नगर आने वाले 33 केव्ही अति उच्चदाब फीडर की अंडरग्राउंड केबल में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आग लगा दी गई,जिसके कारण केबल क्षतिग्रस्त हो गई है। यह जानकारी रविवार को बिजली विभाग शहर के संभाग अभियंता नीलाब श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि घटना के कारण ट्रांसपोर्ट नगर उपकेंद्र की विद्युत प्रवाह 4 घंटे तक बंद रहा। विभाग द्वारा फॉल्ट मिलने के पश्चात दूसरी केबल में सप्लाई को डाला गया।जिसमें 2 घंटे का समय लग गया, साथ ही उसके सुधार के लिए पास से निकले पावरहाउस और मटेहाना फीडर को भी बंद किया गया। शहर के साथ औद्योगिक क्षेत्र की लाइन प्रभावित हुई है। जिससे ट्रांसपोर्ट नगर के दोनों इनकमिंग बंद हो गए और विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद हो गई।

### बढ़ रहा है बिजली का लोड

शहर में अत्यधिक लोड बढ़ने के कारण,वर्तमान में उपकेंद्रों में लोड बढ़ने के कारण एक उपकेंद्र को दूसरे 33 के व्ही लाइन में डाला जाना संभव नहीं हो पा रहा है। विगत वर्ष शहर की डिमांड 70 एम डब्ल्यू के लगभग थी,जो कि अब बढ़ कर 90 एम डब्ल्यू के लगभग चल रही है। शहर संभाग के सहायक अभियंता अनुरक्षण ने बताया कि शहर में बढ़ते लोड के कारण टीम बढ़ाई गई है। रात्रि कालीन समय में अतिरिक्त टीम लगाई गई है,जिससे कंप्लेंट बनाई जा सके। कार्यपालन अभियंता नीलाभ श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में रात्रिकालीन अवधि के अधिकारियों की ड्यूटी लगी है। जिससे कि एफओसी टीम में समन्वय रहे। जरूरत पड़ने पर एक टीम सेंटर को अन्य एफओसी से अतिरिक्त टीम और मैन पावर शिफ्ट की जाती है।

### बिजली ट्रिप होने की समस्या बढ़ी

अभी रात्रिकालीन अवधि में अधिक ट्रिपिंग की बात पर उनके द्वारा बताया गया कि फोन पर तार टूटने,आग लगने,केबल टूटने की सूचना रात्रि को आती है तो तत्काल फीडर बंद किया जाता है जिससे कि कोई हानि न हो,समस्या वाले स्थान को टीम तत्काल जाकर चेक करती है और उस सेक्शन को कटवाकर विद्युत प्रवाह चालू करवाती है। सारी रात टीमें लगातार कंप्लेंट अटेंड करती है।सीमित स्टाफ से ज्यादा से ज्यादा और जल्द से जल्द कंप्लेंट अटेंड करने का हमेशा प्रयास रहता है। एक अधिकारी लगातार रात्रि 10 से सवेरे 6 तक ड्यूटी पर रहकर कंप्लेंट टीम से जुड़ा रहता है। लोड कम होते ही स्थिति सामान्य होगी।


### भूमिहीन आदिवासियों की जमीन पर संकट के बादल,कांग्रेस लड़ेगी लड़ाई

**मैहर।** वर्षों की मेहनत,संघर्ष और पसीने से सींची गई ज़मीनें,जिन्हें आदिवासी परिवारों ने जीवन की अंतिम पूँजी मानकर सहेज कर रखा था,आज प्रशासन की एक कठोर कार्रवाई के साए में तबाह होने की कगार पर हैं।सहिलरा गांव के आदिवासी परिवार जिनकी पीढ़ियों ने इन धरती के टुकड़ों को संजोया ,अब उस अधिकार से वंचित किए जा रहे हैं जो उन्हें बरसों पूर्व कांग्रेस की दिग्विजय सिंह सरकार द्वारा वैध रूप से सौंपा गया था। यह भूमि केवल मिट्टी नहीं बल्कि उन सपनों की बुनियाद है जिन्हें आदिवासी परिवारों ने रचा और जिया। अब प्रशासन द्वारा यदि किसी शासकीय योजना अथवा कॉलोनी निर्माण का मन बनाया गया है,तो प्रश्न उठता है कि क्या इन निर्धन परिवारों की छाती पर बुलडोजर चलाना ही एकमात्र विकल्प है? ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने इस अन्याय के विरुद्ध मोर्चा संभालते हुए कहा,सरकार यदि सच में विकास चाहती है तो सहिलरा के आसपास की सैकड़ों एकड़ शासकीय भूमि पर अपनी योजनाएं लागू करे,जहाँ रसूखदारों के अवैध कब्जे वर्षों से जमे हुए हैं।



# 2 जुलाई को इस्कॉन सतना निकालेगा जगन्नाथ रथ यात्रा

सतना।

अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन मंदिर) के तत्वाधान में विंध्य की पावन धरा सतना शहर में इस वर्ष पुनः भव्य ऐतिहासिक श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव का आयोजन आगामी 2 जुलाई को होने जा रहा है। इस्कॉन प्रचारक मनोज दुबे अकेला ने बताया कि विशाल रथ यात्रा का कार्यक्रम अत्यंत अद्भुत व दर्शनीय होगा। रथ यात्रा महोत्सव के दिन विशाल रथ पर सवार होकर भगवान श्री जगन्नाथ,बलदेव और सुभद्रा महारानी के मनोहारी अर्चा-विग्रह संसारी जीव को दर्शन देने सतना नगर का भ्रमण करेंगे जो भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगे!

### 11 जून को भगवान श्री जगन्नाथ की स्नान यात्रा :

श्री श्री राधा माधव मंदिर इस्कॉन सतना के व्यवस्थापक ने बताया कि श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के पहले 11 जून को भगवान श्री जगन्नाथ जी की स्नान यात्रा इस्कॉन मंदिर प्रांगण में सुबह 9 बजे से आयोजित किया जाएगा। स्नान यात्रा कार्यक्रम में श्री जगन्नाथ जी का वैदिक विधि विधान से अभिषेक का कार्यक्रम संपन्न होगा जिसमें सतना शहर के भक्तजन सपरिवार इष्ट मित्रों सहित सादर आमंत्रित हैं।

### रथ खींचेंगे भक्तः

शहर के प्रमुख मार्ग से निकलने वाली भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के मनोरम रथ को खींचने व आरती करने का सौभाग्य सतना शहर के भक्तों को मिलेगा। रथ यात्रा का जोरदार स्वागत शहर की जनता श्रद्धालु भक्त पुष्प वर्षा करेंगे। रथ यात्रा के दौरान भगवान का महाप्रसाद भक्तों को प्रदान किया जाएगा। हरे कृष्ण हरे राम कीर्तन की सुर लहरिया शहर को कृष्णमय करेंगे। जय जय जगन्नाथ के नारों से सारा शहर गूंजायमान होगा।इस कार्यक्रम में इस्कॉन मंदिर इंदौर के प्रेसिडेंट परम पूज्य महामन दास जी महाराज,रीजनल सेक्रेटरी प्राणेश्वर दास सहित इस्कॉन के अनेक संत इस रथ यात्रा कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।



## खबर संक्षेप

### गरीबों की सेवा के लिए हमेशा समर्पित डॉ. अमित खरे



**पवई।** पवई जनपद के ग्राम कुंवरपुर में शनिवार को एक हृदय विदारक हादसा हुआ, जिसने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम कुंवरपुर निवासी गोलू (पुत्र हीरा वंशकार, उम्र 5 वर्ष) एवं दीपक (पुत्र छोटू वंशकार, उम्र 8 वर्ष) दोपहर लगभग 12 बजे खेलते-खेलते गांव के समीप स्थित एक तलैया (छोटे तालाब) के पास पहुंच गए। खेलते-खेलते दोनों मासूम पानी में गिर गए और डूब गए। परिजनों द्वारा बच्चों को तत्काल पवई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस दुखद घटना से गांव में गहरा शोक व्याप्त है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही पवई विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी एवं भाजपा नेता डॉ. अमित खरे शव विच्छेदन गृह पहुंचे और शोक संतप्त परिवारों को ढांढस बंधाया। उन्होंने दोनों परिवारों को 16,000 की आर्थिक सहायता भी प्रदान की और भविष्य में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

### बारातियों से भरी पिकअप डिवाइडर से टकराकर पलटी, 10 लोग घायल



**पन्ना।** पन्ना जिले के ककरहटी चौकी अंतर्गत दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहां बारातियों से भरी एक पिकअप डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में 10 लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए पन्ना के जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घायलों में पुरुष, महिलाएं और मासूम बच्चे भी शामिल हैं।

### भारतीय जनता पार्टी मंडल कल्दा में कार्यशाला सम्पन्न



**पवई।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कल्दा द्वारा सेवा सुशासन ग़रीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन ग्राम पंचायत कल्दा में रविवार 8 जून 2025 को किया गया है। जिसमे समस्त मंडल कार्यकारणी,समस्त मोर्चा कार्यकारणी,समस्त शक्ति केंद्र संयोजक,समस्त बूथ अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि गण, मंडल में निवासरथ प्रदेश एवं जिला में पदाधिकारी,वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता बैठक में मुख्य रूप से अपेक्षित रहे जिला महामंत्री दिपेंद्र परमार, हरिलाल लोधी, मंडल महामंत्री हल्के सिंगरौल, महेंद्र चतुर्वेदी, मंडल उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव, सत्यपाल यादव, बलराम यादव, रोहणी यादव, पुष्पराज बुंदेला, धनीराम प्रजापति सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जेके सीमेंट कंपनी के ट्राला ने ली एक और युवक की जान, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़, छह बहनों का इकलौता भाई था अमित

हरिभूमि न्यूज, अमानगंज।

**अमानगंज क्षेत्र की जनता को लोक लोभावन भाषण देकर उनकी बेश कीमती जमीन को कौड़ियों के भाव खरीद कर अपनी सीमेंट कंपनी स्थापित कर क्षेत्र की जनता को ठगने के अलावा और कोई साधन नहीं रहा है जेके सीमेंट कंपनी से नहीं मिला किसी भी स्थानीय बेरोजगार को रोजगार लेकिन अब मिल रही है**

मौत जेके सीमेंट कंपनी के भारी भरकम ट्राला क्षेत्र में मचा रहे तबाही आए दिन काल कल्पित हो रहे राहगीर दुर्घटना का कारण बनी सिंगल रोड जिससे हो रही बाहन दुर्घटना परंतु जिला प्रशासन मोन जेके सीमेंट कंपनी की खुशामद में जिले का पूरा राजतंत्र एवं प्रशासन यहां तो वही कहावत चरितार्थ हो रही है की



जी को मारे सो रोबे ... ऐसा ही मामला दिनांक 07 जून 2025 की दरमियानी रात्रि करीब 12:30 बजे का है जिसमें ग्राम देवरा निवासी युवक अमित चौधरी उम्र 20 वर्ष की जेके ट्राला की चपेट में आने से दुखद मौत हो गई फरियादी फुन्दर चौधरी पिता खिलाइयां चौधरी उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम देवरा ने थाना अमानगंज मैं आकर सूचना दी की अमित चौधरी पिता काल्लू चौधरी उम्र 20 वर्ष रात्रि में ग्राम गौरा से अपने घर देवरा आ रहा था परंतु टाटा सर्विस सेंटर के पास मोटरबाइक क्रॉसिंग में अनियंत्रित होकर जा गिरा जिससे पीछे से आ रहे तेज रफ्तार सीमेंट ट्राला ने कुचल दिया जिसकी मौके पर ही मौत हो गई बाइक पर सवार दो अन्य साथी राहुल चौधरी 18 वर्ष एवं नकुल चौधरी 20 वर्ष गंभीर रूप से घायल बताय जा रहे हैं जिनका इलाज बाहर की अस्पतालों में जारी है जैसे ही घटना की जानकारी गांव वालों को लगी तो आक्रोशित होकर समस्त ग्राम की जनता जेके कंपनी के मेन गेट पर पहुंच गई और कंपनी के खिलाफ नारेबाजी करने लगी घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस प्रशासन तक पहुंची तो तत्काल मौके पर थाना क्षेत्र के उग्र ग्रामीणों को शांत कराकर मृतक युवक की अंत्येष्टि अपने सामने करा कर राहत की सांस ली सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि मृतक अमित चौधरी 6 बहनों का इकलौता भाई था एवं जेके कंपनी में मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था परंतु असमय दुर्घटना से अमित का पूरा परिवार गहरे सदमे में चला गया एवं पूरे ग्राम देवरा में शोक की लहर दौड़ गई थाना अमानगंज मैं घटना की रिपोर्ट दर्ज की गई है जिसकी विवेचना अमानगंज पुलिस द्वारा की जा रही है अब देखना है कि विवेचना में कौन से तत्व निकाल कर आ रहे हैं।

## राष्ट्रीय चयन स्पर्धा में पन्ना के अनिकेत श्रीवास्तव का चयन, मध्यप्रदेश टीम का करेंगे प्रतिनिधित्व



### 28 जून को कोच इरफान खान के साथ होंगे हैदराबाद रवाना

पन्ना।

वुशू एसोसिएशन ऑफ इंडिया की अडहॉक कमेटी द्वारा 7 जून 2025 से 8 जून 2025 तक देवास मध्यप्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय वुशू चयन स्पर्धा में पन्ना जिले के होनहार वुशू खिलाड़ी अनिकेत श्रीवास्तव ने 60 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा किया और राष्ट्रीय टीम में चयनित हुए। इस उपलब्धि की जानकारी जिला वुशू संघ पन्ना के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि अनिकेत ने इससे पहले जबलपुर में आयोजित 24 वीं राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता 2025 में भी 60 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी काबिलियत का प्रदर्शन किया था। इसी प्रदर्शन के आधार पर उन्हें देवास में राष्ट्रीय चयन स्पर्धा में भाग लेने का अवसर मिलाए जहां उन्होंने पुनः स्वर्ण पदक जीतकर अपनी मेहनत लगन और प्रतिभा को साबित किया। अब अनिकेत श्रीवास्तव आगामी 1 जुलाई से 6 जुलाई 2025 तक हैदराबाद में आयोजित होने वाली 24वीं राष्ट्रीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता 2025 में मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। वे अपने कोच इरफान खान के साथ 28 जून 2025 को पन्ना से भोपाल 29 जून 2025 को भोपाल से सुबह हैदराबाद के लिए रवाना होंगे। इस सफलता पर मध्यप्रदेश वुशू संघ के सचिव मनोज गुप्ता ने इसे पन्ना जिले के लिए गर्व का विषय बताया और कहा कि अनिकेत जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। वहीं मध्यप्रदेश वुशू संघ के अध्यक्ष श्री जयदीप प्रसाद (आई.पी.एस.), फिटनेस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना के संरक्षक नईम खान, पहलवान सिंह, जिला वुशू संघ पन्ना सचिव इरफान खान, जिला वुशू संघ पन्ना अध्यक्ष महेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, जिला जु.जित्सु संघ अध्यक्ष लॉरेंस एट्रेस, जिला शोतो काई कराटे संघ अध्यक्ष कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, सैफ उल्ला, प्रशिक्षक हर्षिता विश्वकर्मा, पीयूष विश्वकर्मा ने अनिकेत को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अनिकेत की यह उपलब्धि न सिर्फ उनके परिश्रम की जीत है बल्कि पन्ना जिले के युवा खिलाड़ियों को एक नई दिशा और उम्मीद भी देती है।

## झिरमिला पंचायत में तालाब गहरीकरण में घोटाले की आशंका, मशीन से चंद घंटों में कार्य दिखाकर राशि का दुरुपयोग





पवई।

जनपद पंचायत शाहनगर कि ग्राम पंचायत झिरमिला में मनरेगा योजनांतर्गत लगभग 9 लाख कि राशि से तालाब गहरीकरण कार्य में भारी अनियमितता सामने आई है। नियमों के मुताबिक कार्य में स्थानीय मजदूरों का उपयोग किया जाना था, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा मजदूरों की जगह मशीनों का उपयोग किया गया। सूत्रों के अनुसार, महज कुछ ही घंटों तक जेसीबी मशीन चलाकर कागजों में बड़े स्तर का कार्य दर्शाया गया, जिससे संदेह गहराता जा रहा है कि योजना की राशि को ठिकाने लगाने के लिए यह सब कुछ किया गया है। ग्रामवासियों का कहना है कि उन्हें न तो काम की जानकारी दी गई, न ही कोई रोजगार उपलब्ध कराया गया। वहीं कार्य स्थल पर कोई जानकारी पट्ट भी नहीं लगाया गया, जिससे पूरे कार्य की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इसके बाद ग्राम पंचायत द्वारा अपने करीबियों के नाम पर मस्टर लगाकर राशि अहरण कर लिया जायेगा। एवं बाद मे जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर इसका आपसी बन्दर बाट कर लिया जायेगा। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस अनियमितता पर क्या कार्रवाई करता है, या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में ही दफन हो जाएगा।

### इनका कहना है-

तालाब गहरीकारण मे जे सी बी मशीन का प्रयोग तो हुआ हैं. परन्तु गहरीकारण मे जनभागीदारी हैं। इसलिए मशीन उपयोग हुईं हैं।

**दीपा तिवारी रोजगार सहायक झिरमिला**

## पुलिस लाइन परिसर पन्ना में आयोजित हुआ ग्राम-नगर रक्षा समिति के सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण-जागरुकता सम्मेलन






### समुदायिक पुलिसिंग को सशक्त बनाने की दिशा में पन्ना पुलिस का महत्वपूर्ण प्रयास

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्ण एस. थोटा के निर्देशन में पुलिस लाइन परिसर पन्ना में ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समिति के सदस्यों को पुलिस की कार्यप्रणाली से परिचित कराना, संकट प्रबंधन और सामाजिक सहभागिता आधारित कानून व्यवस्था में उनकी भूमिका के प्रति उनकी क्षमताओं में वृद्धि करना एवं उन्हें समुदायिक पुलिसिंग के सक्रिय भागीदार के रूप सशक्त बनाना। कार्यक्रम के दौरान 'यातायात प्रबंधन और यातायात नियमों' की विस्तृत जानकारी देते हुये य़ातायात थाना प्रभारी रक्षित निरीक्षक नीलम लक्ष्यकार द्वारा समिति के सदस्यों को बताया गया कि किस प्रकार वे अपने-अपने क्षेत्रों में ट्रैफिक नियमों के पालन हेतु नागरिकों को जागरूक कर सकते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके साथ हि कैसे यातायत प्रबंधन मे पुलिस के सहयोगी बन सके। इस अवसर पर 'साइबर अपराध' से जुड़े विषयों पर भी सत्र आयोजित किए गए। सायबर विशेषज्ञों प्रधान आर. आशीष अवस्थी एवं धर्मेन्द्र सिंह राजावत ने साइबर धोखाधड़ी, फिशिंग, सोशल मीडिया से जुड़ी जालसाज़ी एवं ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों पर प्रकाश डालते हुए उनसे बचने के उपाय बताए। समिति के सदस्यों को समाज में साइबर सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, रक्षित निरीक्षक खिलावन सिंह कंवर द्वारा 'सामुदायिक पुलिसिंग एवं सामान्य पुलिसिंग' जैसे विषयों पर व्याख्यान दिया गया इसके अतिरिक्त समिति के सदस्यों को पुलिस द्वारा उपयोग किए जाने वाले शस्त्रों की मूलभूत जानकारी, 'आपदा प्रबंधन एवं तनाव प्रबंधन' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, ताकि वे आपातकालीन परिस्थितियों (जैसे- बाढ़, आगजनी,भूकम्म इत्यादि) में पुलिस का कुशलतापूर्वक सहयोग कर सकें। इस सम्मेलन में रक्षित निरीक्षक पन्ना श्री खिलावन सिंह कंवर सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 150 से अधिक ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्य सम्मिलित हुए, जिन्होंने पूरे उत्साह के साथ विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों में भाग लिया।

## देवेंद्रनगर की ऐतिहासिक मंडी दम तोड़ रही

### - किसानों की मजबूरी, व्यापारियों की मनमानी और प्रशासन की उदासीनता ने छीना आर्थिक जीवन

देवेंद्रनगर।

'स्थानीय व्यवसाय का कोई निर्धारित बाजार-दिवस नहीं, व्यापारी संगठन निष्क्रिय, कृषि उपज नागौद मंडी की ओर बहती जा रही कृ देवेंद्रनगर की आर्थिक रीढ़ अब कमज़ोर पड़ चुकी है'

कभी बुंदेलखंड की सबसे सुव्यवस्थित और प्रतिष्ठित कृषि उपज मंडियों में शुमार रही देवेंद्रनगर की मंडी आज अपने अस्तित्व की अंतिम साँसें गिन रही है। स्वतंत्रता पूर्वकाल से ही यह मंडी किसानों और व्यापारियों की जीवनरेखा रही है, लेकिन आज यह गुमनामी, शोषण और पलायन की त्रासदी से ग्रस्त है। वर्तमान में स्थिति यह है कि देवेंद्रनगर के 80 से 90 प्रतिशत किसान अपनी उपज बेचने के लिए सतना जिले की नागौद मंडी का रुख कर चुके हैं। स्थानीय व्यापारियों द्वारा उचित मूल्य न देना, समय पर भुगतान न करना और किसानों पर संगठित दबाव बनाना इसके मुख्य कारण हैं। नागौद मंडी में न केवल मूल्य बेहतर मिलते हैं, बल्कि नगद भुगतान भी सुनिश्चित होता है। यह पलायन अब मात्र एक व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि एक सामाजिक-आर्थिक संकेत बन गया है कि देवेंद्रनगर की मंडी व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है।

### आर्थिक पलायन से स्थानीय व्यवसाय बर्बादी की कगार पर-

कृषि आधारित अर्थव्यवस्था होने के कारण इस मंडी की गिरावट ने देवेंद्रनगर के संपूर्ण व्यवसाय को प्रभावित किया है। कपड़ा, किराना, कृषि उपकरण, हार्डवेयर और अन्य खुदरा व्यापारों में प्रत्यक्ष गिरावट आई है। जब किसानों की आय और उपभोग क्षमता क्षेत्र से बाहर बहने लगी, तो यहाँ की आर्थिक गति थमने लगी। देवेंद्रनगर में आज तक कोई निश्चित 'ष्बाजार दिवसष' घोषित नहीं किया गया है, जबकि जिले के लगभग हर कस्बे कृ सलेहा, अजयगढ़, शाहनगर, अमानगंज, गुनौर, रैपुरा, सिमरिया, मोहन्द्रा कृ में साप्ताहिक बाजार दिन निश्चित हैं। इससे न केवल वहाँ की व्यावसायिक गतिविधियाँ सुदृढ़ हुईं, बल्कि बाहर से व्यापारियों और ग्राहकों की आवक भी बढ़ी। इसके विपरीत देवेंद्रनगर में न तो गुमास्ता एक्ट का पालन हो रहा है, न ही जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे है,ओर न ही शासन प्रशासन ध्यान दे रहा है। व्यापारी संगठन है। परस्पर सहमति न बन पाने की वजह से योजनाएं क्रियान्वित नहीं हो पा रही है।

### समाधान की राह - एक बाजार दिवस और व्यापारिक अवकाश की घोषणा-

यदि शासन-प्रशासन द्वारा सप्ताह में एक दिन 'ष्बाजार दिवसष' घोषित किया जाए और किसी एक दिन नियमित 'व्यापारिक अवकाश' भी निर्धारित हो, तो यह न केवल किसानों के लिए राहतकारी होगा, बल्कि पूरे क्षेत्रीय व्यापार को भी पुनर्जीवित कर सकता है। यह पहल न केवल आर्थिक दृष्टि से सार्थक होगी, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक संतुलन के लिए भी अनिवार्य बन सकती है।

### अब भी नहीं चेते तो इतिहास में खो जाएगा देवेंद्रनगर मंडी का स्वर्णिम अध्याय-

देवेंद्रनगर की मंडी की मौन मृत्यु कोई संयोग नहीं, बल्कि व्यवस्था की असफलता का दस्तावेज़ है। यदि अब भी सरकार, प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस संकट को हल्के में लेते रहे, तो वह दिन दूर नहीं जब यह नगर मात्र एक भूला-बिसरा मंडी नगर बनकर रह जाएगा।

### समय है चेतने का एक सशक्त और विवेकपूर्ण पहल

एक निश्चित बाजार-दिन और एक दिन अवकाश की घोषणा - इस पतन को पलट सकती है और देवेंद्रनगर को फिर से व्यापारिक मानचित्र पर स्थापित कर सकती है।

## रेगुआ में फसल सुरक्षा दीवार के नाम पर राजस्व जमीन से हो रहा अवैध पत्थर उत्खनन, बाद मे वैध खादान के बिलों का किया जायेगा उपयोग

**शाहनगर।** जनपद शाहनगर की ग्राम पंचायत रेगुआ में फसल सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य के नाम पर खुलेआम राजस्व भूमि से पत्थरों का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, निर्माण में उपयोग हो रहे पत्थर ग्रामीण क्षेत्र की शासकीय भूमि से निकाले जा रहे हैं, जो पूरी तरह से गैरकानूनी है। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि फसल सुरक्षा दीवार के निर्माण कार्य के पश्चात इन पत्थरों को वैध खदानों से खरीदा दिखाकर फर्जी बिलों का उपयोग किया जाएगा, ताकि दस्तावेजी स्तर पर सभी कुछ सही प्रतीत हो। इस पूरे मामले में संबंधित विभागों की चुप्पी भी कई सवाल खड़े कर रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस अवैध उत्खनन की उच्चस्तरीय जांच हो तथा जिम्मेदारों पर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि शासकीय संपत्ति का दुरुपयोग रोका जा सके।

### इनका कहना है-

फसल सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य पुराना है



जिसमे पत्थर लोकल का हीं इस्तेमाल किया जा रहा हैं।

नत्थू प्रजापति सचिव रेगुआ। (1) जेके सीमेंट कंपनी के ट्राला ने ली एक और युवक की जान परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़ छह बहनों का

**इकलौता भाई था अमित**

अमानगंज। अमानगंज क्षेत्र की जनता को लोक लोभावन भाषण देकर उनकी बेश कीमती जमीन को कौड़ियों के भाव खरीद कर अपनी सीमेंट कंपनी स्थापित कर क्षेत्र की जनता को ठगने के अलावा और कोई साधन नहीं रहा है जेके सीमेंट कंपनी से नहीं मिला किसी भी स्थानीय बेरोजगार को रोजगार लेकिन अब मिल रही है मौत जेके सीमेंट कंपनी के भारी भरकम ट्राला क्षेत्र में मचा रहे तबाही आए दिन काल कल्पित हो रहे राहगीर दुर्घटना का कारण बनी सिंगल रोड जिससे हो रही बाहन दुर्घटना परंतु जिला प्रशासन मोन जेके सीमेंट कंपनी की खुशामद में जिले का पूरा राजतंत्र एवं प्रशासन यहां तो वही कहावत चरितार्थ हो रही है

## आबकारी ने तीन स्थानों से 172 लीटर शराब जप्त कर तीन आरोपियों को जेल भेजा

पन्ना।

कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी पन्ना मुकेश कुमार मौर्य के मार्गदर्शन में पन्ना जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चल रहा है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी शंभू दयाल जाटव के मार्गदर्शन में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त पवई हरीश कुमार पाण्डेय की टीम द्वारा ग्राम जसवंतपुरा थाना अमानगंज से तीन आरोपियो से 172 बल्क लीटर हाथभट्टी महुए की कच्ची शराब जप्त कर तीन आरोपियो के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। आबकारी उपनिरीक्षक हरीश पाण्डेय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर हीरा बंजारा पिता देवला बंजारा उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम जसवंतपुरा



थाना अमानगंज के कब्जे से 04 प्लास्टिक के डब्बों में 56 लीटर हाथभट्टी महुए की कच्ची अवैध मदिरा जप्त की गई। भूपेंद्र बंजारा पिता उदा बंजारा उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम जसवंतपुरा से 05 प्लास्टिक के डब्बों में 62 लीटर हाथभट्टी महुए की कच्ची अवैध मदिरा जप्त की। पूरण बंजारा पिता मन्ना बंजारा उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम जसवंतपुरा से 04 प्लास्टिक के डब्बों में 54 लीटर हाथभट्टी महुए से निर्मित कच्ची शराब जप्त की गई। तीनों आरोपियों को मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक हरीश पाण्डेय, विक्रांत जैन, आबकारी आरक्षक कुलदीप जाटव, नगर सैनिक वीरेंद्र यादव, मोतीलाल प्रजापति, फोटोलाल प्रजापति, कौशल्या बाई, सुरेंद्र सिंह सोनू, सुशांत सिंह शामिल रहे।

# राशन दुकान पर चली गोलियां, एक की मौत, एक घायल

## आरोपी ने लाइसेंसी बंदूक से की फायरिंग, तीन आरोपियों पर दर्ज हुआ मामला

छतरपुर।

**नौगांव थाना क्षेत्र के बिलहरी गांव में राशन दुकान पर राशन लेने गए दो लड़कों पर गोलीबारी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दोनों घायल युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था लेकिन एक लड़के ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वहीं नौगांव पुलिस द्वारा जब परिजनों के बताए अनुसार मामला दर्ज नहीं किया गया तो परिजन सड़क पर उतर आए। चक्काजाम के बाद आखिरकार पुलिस ने तीन आरोपियों पर नामजद मामला दर्ज किया और आरोपियों की तलाश शुरु कर दी।**





प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना रविवार सुबह करीब 9 बजे की है, जब एडवोकेट प्रवीण पटैरिया के घर पर संचालित ग्राम पंचायत बिलहरी की राशन दुकान पर राशन का वितरण हो रहा था। बिलहरी पंचायत के कुम्हार टोली गांव के बृजगोपाल प्रजापति का 19 वर्षीय पुत्र पंकज प्रजापति और भतीजा आशीष प्रजापति राशन लेने गए थे। बृजगोपाल के मुताबिक कुछ समय बाद पंकज ने घर आकर जानकारी दी कि राशन की बोरियां रखने को लेकर बिलहरी निवासी प्रवीण उर्फ कट्टू पटैरिया, नवीन पटैरिया और रामसेवक अरजरिया ने उसके साथ विवाद किया है। आरोपी बोरियां हटाने के लिए कह रहे थे लेकिन बोरियां भारी होने के कारण पंकज उन्हें हटा नहीं पा रहा था। पंकज से मिली जानकारी के बाद बृजगोपाल परिवार के लोगों के साथ बिलहरी पहुंचे, लेकिन जब तक राशन वितरण बंद हो चुका था। बृजगोपाल ने अपने राशन की बोरियां लेने के लिए प्रवीण पटैरिया को आवाज दी, जिसके बाद प्रवीण उर्फ कट्टू पटैरिया, नवीन पटैरिया और रामसेवक अरजरिया ने घर की छत पर चढ़कर गालियां देना शुरु कर दिया। जब प्रजापति परिवार ने गालियां देने से रोका तो आरोपी अपनी लायसेंसी बंदूकें उठा लाए और फायरिंग शुरु कर दी। बृजगोपाल के मुताबिक प्रवीण द्वारा चलाई गई पहली गोली जमीन पर लगी, जबकि दूसरी गोली पंकज के बायें कूल्हे के पास जाँघ को चीरते हुए आर-पार निकल गई। वहीं नवीन पटैरिया द्वारा चलाई गई गोली भतीजे आशीष के पैर को छूते हुए निकल गई। दिन-दहाड़े हुई फायरिंग के बाद बिलहरी गांव में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। प्रजापति परिवार के सदस्य घायल पंकज और आशीष को तुरंत सामुदायिक स्वाथ्य केन्द्र नौगांव लेकर पहुंचे, जहां से आशीष को झांसी तथा पंकज का जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चूंकि पंकज की हालत गंभीर थी, जिसके चलते उसे जिला अस्पताल से ग्वालियर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में निवाड़ी के पास उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही नौगांव एसडीओपी अमित मेश्राम, पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज कर घटनास्थल का मुआयना किया, जहां भारी मात्रा में पंकज का खून पड़ा मिला।

सुबह 9 बजे की घटना के बाद करीब 5 घंटे तक जब आरोपियों पर नौगांव थाना में एफआईआर नहीं हुई तो परिजनों ने चक्काजाम कर दिया। दरअसल परिजन तीनों आरोपियों खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराना चाहते थे, जबकि पुलिस केवल एक आरोपी पर मामला दर्ज करने की बात कर रही थी जिससे परिजन आक्रोशित हो उठे। कुम्हार टोली के ग्रामीणों का दल क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह से मामले में हस्ताक्षेप करने और तीनों आरोपियों पर मामला दर्ज कराने की मांग को लेकर अलीपुर भी पहुंचा। वहीं परिजन नगर के तहसील चौराहा पर चक्काजाम कर हंगामा करते रहे। हालांकि दोपहर के वक्त नौगांव पुलिस ने तीनों आरोपी प्रवीण पटैरिया, नवीन पटैरिया और रामसेवक अरजरिया के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 109(1), 296, 3(5), अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (नृशंसता निवारण) अधिनियम, 1989 (संशोधन 2015) की धारा 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2)(वी), 3(2)(वीए) और आयुध अधिनियम, 1959 (संशोधन 2019) की धारा 25, 27 के तहत मामला दर्ज कर लिया था, लेकिन मामला दर्ज करने में पुलिस द्वारा की गई देरी तथा आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन करीब 3 घंटे तक चक्काजाम किए रहे। शाम करीब साढ़े 4 बजे पूर्व विधायक आरडी प्रजापति भी नौगांव पहुंचे, जिन्होंने परिजनों से मुलाकात कर उन्हें शांत कराया। आरडी प्रजापति ने पुलिस द्वारा मामला दर्ज करने में की गई देरी की जांच और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का भरोसा दिया तब जाकर हालात सामान्य हुए।

# खजुराहो में छात्रा की रहस्यमयी मौत, गले पर मिले निशान



### पुलिस जांच में जुटी, पोस्टमार्टम से खुलेगा मौत का राज

**छतरपुर। खजुराहो थाना अंतर्गत चंदेला कॉलोनी में रहने वाली 21 वर्षीय छात्रा सुनिधी कुरी की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। परिजनों ने खजुराहो अस्पताल पर ऑक्सीजन और एम्बुलेंस की कमी के कारण लापरवाही का आरोप लगाया है। वहीं छात्रा के गले पर निशान पाए गए हैं, जिससे मौत के कारणों पर संदेह गहरा गया है।**

प्राप्त जानकारी के मुताबिकक सुनिधी पुत्री संजय कुमार कुरी, खजुराहो के चंदेला कॉलोनी की निवासी थीं और छतरपुर में बीसीए सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रही थीं। सोमवार को उनका दूसरा पेपर था। शनिवार शाम को सुनिधी घर पर थीं। उनके चाचा राजीव कुरी ने बताया कि वे लोग हैंडपंप सुधारने गए थे, जबकि सुनिधी का बड़ा भाई छतरपुर में होटल में काम करता है। घर से फोन आया कि सुनिधी की तबीयत खराब है। परिजन तुरंत उसे खजुराहो अस्पताल ले गए, लेकिन वहां ऑक्सीजन और एम्बुलेंस की सुविधा नहीं थी। एक घंटे तक एम्बुलेंस का इंतजार करने के बाद परिजनों ने 2000 रुपये देकर निजी वाहन से सुनिधी को छतरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जिला अस्पताल के डॉक्टर अभय सिंह ने बताया कि सुनिधी को मृत अवस्था में लाया गया था। उनके गले पर निशान पाए गए, जिसके कारण शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों ने खजुराहो अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाया है, उनका कहना है कि समय पर ऑक्सीजन और एम्बुलेंस मिलती तो शायद सुनिधी की जान बच सकती थी। खजुराहो थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है, खासकर गले पर निशानों को लेकर। खजुराहो थाना प्रभारी सुरभि शर्मा से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। पुलिस ने परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अंतरराज्यीय मोटर साइकिल चोर गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार

छतरपुर।



कोतवाली पुलिस ने अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश कर चार आरोपियों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की है। पुलिस ने उनके कब्जे से दो दर्जन से ज्यादा चोरी की बाइक बरामद की हैं। पकड़े गए चोरों पर भारतीय न्याय संहिता की संगठित अपराध की धारा के तहत कार्रवाई की गई है। रविवार को एएसपी विदिता डागर ने पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में मामले का खुलासा किया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री विदिता डागर ने बताया कि नवंबर 2024 से मई 2025 तक नर्मदा अस्पताल, बस स्टैंड, पठापुर रोड, किशोर सागर, नौगांव रोड रीजेंसी होटल और मोटे के महावीर के पास मोटरसाइकिल चोरी की कई शिकायतें कोतवाली थाने में दर्ज हुई थीं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मेला ग्राउंड पर छापा मारकर एक संदिग्ध से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की। पूछताछ में संदिग्ध ने अपने साथियों के नाम उजागर किए। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने छतरपुर और अन्य जिलों में छापेमारी कर चार आरोपियों नीरज मणि उर्फ हल्ले अहिरवार जनकपुर मोहल्ला, बकस्वाहा, विष्णु सेन लोधियाना मोहल्ला, बकस्वाहा, आदित्य सिंह परिहार उर्फ बॉबी राजा सुनवाहा, बकस्वाहा और एक नाबालिग को हिरासत में लिया। इनके पास से छतरपुर, सागर, कटनी, टीकमगढ़, दमोह, ललितपुर उत्तर प्रदेश और दिल्ली रजिस्टर्ड 28 मोटरसाइकिलें बरामद हुईं, जिनमें हीरो एचएफ डीलक्स, पैशन, स्प्लेंडर, होंडा लिवो, एक्टिवा, बजाज पल्सर और डिस्कवर जैसी बाइक शामिल हैं। एएसपी ने बताया कि आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता की संगठित अपराध की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है। बरामद बाइकों में से एक सागर के मकरोनिया थाने में दर्ज चोरी के मामले से संबंधित है। अन्य बाइकों के लिए संबंधित थानों से संपर्क किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है, जबकि एक अन्य आरोपी इंद्रजीत उर्फ बिंदु फरार है, जिसकी तलाश जारी है। इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री विदिता डागर, नगर पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी, उपनिरीक्षक श्याम बेन, प्रधान आरक्षक उमाशंकर शुक्ल, राजेश बागरी, सुरेंद्र यादव, आरक्षक नरेश सिंह, संदीप वर्मा, नित्य प्रकाश, रूपेश और अन्य पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही।



## खबर संक्षेप

### किशनगंज में हुआ बावड़ी उत्सव का आयोजन

पथरिया। गंगा दशहरा एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संपूर्ण प्रदेश में प्रदेश विकासखंड स्तर पर बावड़ी उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने सहभागिता की तो वहीं दमोह जिले की पथरिया विकासखंड के अंतर्गत ग्राम किशुनगंज में स्थित अति प्राचीन बावड़ी में बावड़ी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आया, जिसमें लगभग 200 वर्ष से भी अधिक प्राचीन मराठाकालीन बावड़ी में विशेष पूजन-अर्चन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ बावड़ी उत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ।

### आबकारी ने 64 लीटर महुआ की कच्ची शराब के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

देवेन्द्रनगर।

पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी पन्ना मुकेश कुमार मौर्य के मार्गदर्शन में पन्ना जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चल रहा है। आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त अजयगढ़ मुकेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में ग्राम सिंहपुर में एक आरोपी से 64 बल्क लीटर हाथभट्टी महुए की कच्ची शराब जप्त कर एक आरोपी के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय ने बताया कि मुखबिरों से सूचना प्राप्त हुई थी, कि ग्राम सिंहपुर में रवि सोनकर पिता माणिकलाल सोनकर, उम्र 35 वर्ष अपने रिहायशी मकान में अवैध रूप से हाथभट्टी से महुए की कच्ची शराब भारी मात्रा में बनाता है। आबकारी टीम द्वारा अचानक रवि सोनकर के रिहायशी मकान पर दबिश दी। विधिवत तलाशी के दौरान आरोपी रवि सोनकर के कब्जे से 5 डिब्बों में लगभग 64 बल्क लीटर हाथभट्टी महुए की कच्ची शराब बरामद हुई।

### कार का टायर फटा, दो लोग हुए गंभीर घायल जबलपुर रेफर

तेंदूखेड़ा। बरमान से पथरिया लौट रहे पटैल परिवार की टीयूव्ही का टायर नगर से 5 किलोमीटर दूर नरगुंवा की टेक पर शाम 5.30 बजे फट गया जिससे कार सडक पर पलटती हुई नीचे जा पहुंची हादसे में परिवार के दो बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने बताया कि हम लोग बरमान से स्नान करके वापिस पथरिया जा रहे थे लेकिन तेंदूखेड़ा के पास कार का टायर फट गया जिसमें रामप्रसाद पिता पर्वत पटैल 80, सरजू प्रसाद पिता पर्वत पटैल 68 गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें 108 की मदद से नगर के स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडीकल कालेज रिफर किया गया हैं। कार में 6 लोग सवार थे जिनमें 3 बच्चे एवं तीन बुजुर्ग दो लोगों को छोड़कर किसी को भी कोई चोट नहीं आई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

### रफ्तार का कहरः अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

पटेरा। पटेरा हटा मार्ग पर राजबंदी पुलिया के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से तेज रफ्तार में आ रही बाइक की टक्कर हो गई। बाइक सवार 25 वर्षीय युवक अभिषेक सेन निवासी हटा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पटेरा पुलिस थाना प्रधान आरक्षक रूपलाल रजक एवं आरक्षक चंद्रकांत पांडे घटना स्थल पर पहुंचे स्थल की विवेचना कर घायल को सामुदायिक स्वस्थ केंद्र पटेरा ले कर आए जहां ड्यूटी डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक अपनी ससुराल जो कि रैपुरा के पास है जा रहा था।

### गैसाबाद में उपचुनाव से पूर्व कराया गया मॉक पोल मतदान

दमोह। हटा ब्लॉक के गैसाबाद में जनपद सदस्य पद के लिए होने वाले मतदान से पूर्व आज अधिकारियों ने ग्राम पंचायत भवन में मॉकपोल (दिखावटी मतदान) कराया। एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम, तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी की मौजूदगी में यहां पीठासीन और निर्वाचन अधिकारियों ने मतदाताओं द्वारा मतदान कराकर प्रक्रिया सम्पन्न कराई।

**भारत की पहली आधुनिक वाणी स्पीच एंड हियरिंग क्लिनिक का शुभारंभ**

# संस्कारधानीवासियों को मिलेंगी आधुनिकतम श्रवण स्वास्थ्य सुविधाएं

जबलपुर। जटिल से जटिल श्रवण समस्याओं का निदान अब एक ही छत के नीचे संभव है। संस्कारधानी ही नहीं समूचे भारत की सबसे आधुनिक क्लिनिक का शुभारंभ रविवार शाम को जबलपुर में हुआ। अतिथियों ने कहा कि यह क्लिनिक जबलपुर की शान बनेगा, इसने स्वास्थ्य सुविधाओं की दृष्टि से जबलपुर को महानगरों की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। खास बात ये है कि यहां हर वर्ग स्वास्थ्य लाभ उठा सकता है, शासकीय योजनाओं का लाभ भी इस क्लिनिक के माध्यम से उठाया जा सकता है।वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. केके कौल ने फीता काटकर क्लिनिक का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इसे मध्यभारत का ही नहीं बल्कि समूचे भारत की आधुनिक क्लीनिक कहना गलत नहीं होगा। मेरी आशा है कि संस्कारधानीवासी और आसपास के लोग यहां आकर बेहतर स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे। यहां एक ही छत के नीचे उन्हें सारी सुविधाएं मिलेंगी। अतिथि विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि यह



क्लिनिक जबलपुर के लिए एक बड़ी सौगात है। अतिथि बीजेपी नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, पूर्व महापौर प्रभात साहू की विशेष उपस्थिति रही। रसल चौक, बराट रोड समदड़िया होटल के समीप स्थित क्लिनिक के शुभारंभ अवसर पर वरिष्ठ ऑडियोलॉजिस्ट व स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजिस्ट डॉ. विशाल मेहरा,अविनाश पवार, एमडी एंड सीईओ डब्ल्यू एस ऑडियोलॉजी, किशलय चक्रवर्ती, बिजनेस हेड सिग्निया, अक्षय गुप्ता असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट हिअर डॉट कॉम, मोहन स्वामी हेड ऑडियोलॉजिस्ट डबल्यू ऑडियोलॉजी, प्रोफेसर डॉ. श्रीनिवास दौरासला, ईएनटी सर्जन और प्रख्यात न्यूरोलॉजिस्ट के साथ ग्लोडेट यूनिवर्सिटी की फॉर्मर प्रोफेसर डॉ. संयोक्ता जायसवाल और वाणी स्पीच एंड हियरिंग क्लीनिक की एमडी डॉ सोनल मेहरा मौजूद रहीं।

# पुलिस ने बड़े नकली कीटनाशक रैकेट का भंडाफोड़ किया; मुख्य आरोपी गिरफ्तार

### विभिन्न राज्यों में छापेमारी में 2 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के नकली कृषि रसायन ज़ब्त

जबलपुर। तेलंगाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए राजेंद्र चेचानी को गिरफ्तार किया है - जिसे राजू चेचानी के नाम से भी जाना जाता है, जो बड़े पैमाने पर नकली कीटनाशकों के रैकेट के मुख्य आरोपियों में से एक है। पुलिस ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वित अभियान के दौरान 2 मई 2025 को राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के बस्सी गांव स्थित उसके फार्महाउस से उसे गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी भारत के कृषि क्षेत्र में नकली कीटनाशकों के बढ़ते खतरे को उजागर करती है, जहाँ भोले-भाले किसानों को अक्सर ऐसे उल्लंघनकर्ताओं द्वारा नकली उत्पादों के साथ धोखा दिया जाता है। ये नकली रसायन, हालांकि असली ब्रांड की तरह पैक किए जाते हैं, लेकिन अक्सर उनके हानिकारक या अप्रभावी अवयवों के कारण फसल को नुकसान पहुंचाते हैं जिसके कारण पैदावार कम होती है। नवीनतम गिरफ्तारी से कई राज्यों में फैली नकली कृषि रसायनों की आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण रूप से बाधा उत्पन्न होने की उम्मीद है। चेचानी पर आरोप है कि वह सात साल से भी ज़्यादा समय से इस तरह का एक जटिल अवैध व्यापार और अवैध नेटवर्क चला रहा है, जो भारत के 11 से ज़्यादा राज्यों में फैले अपने सहयोगियों के जरिए पूरे भारत में नकली कीटनाशकों का निर्माण और वितरण करता है। उसने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में काम करने वाले सहयोगियों के एक बड़े नेटवर्क के ज़रिए प्रतिष्ठित एग्रोकेमिकल कंपनियों के लेबल वाले नकली उत्पाद सप्लाई किए। जांच में पता चला कि चेचानी की बस्सी में माहेश्वरी बीज एवं कीटनाशक नाम से एक दुकान भी है। वह कथित तौर पर देश भर में विभिन्न उल्लंघनकर्ताओं को पैकेजिंग सामग्री और तैयार नकली उत्पादों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता था। यह गिरफ्तारी कीटनाशक अधिनियम के तहत एलबी नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर संख्या 831/2024 से हुई है। जुलाई 2024 में हैदराबाद में एक उल्लंघनकर्ता ई राजेश के गोदाम से नकली कीटनाशकों की खोज के बाद। आगे की जांच में कई राज्यों में चेचानी के खिलाफ दर्ज कई आपराधिक मामलों का पता चला है, जो उसके ऑपरेशन की व्यापक पहुंच और बार-बार किए गए अपराधों को उजागर करता है।

# घर में सो रहे किशोर को जहरीले सांप ने काटा, मौत

बक्सवाहा। क्षेत्र के सुनवाहा गांव में शनिवार रात को 16 वर्षीय किशोर दीपेश लोधी की सर्पदंश से मौत हो गई। बताया गया है कि दीपेश लोधी पिता रव्वी लोधी अपने घर में सो रहा था, तभी एक जहरीले सांप ने उसे डस लिया। परिजनों ने तुरंत उसे बक्सवाहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए दमोह जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों का कहना है कि रेफर करने के बाद एम्बुलेंस आने में 10 से 15 मिनट की देरी हुई। इस बीच दीपेश की हालत बिगड़ गई, और रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

# इनामी अपराधी को पुलिस ने अवैध हथियार के साथ पकड़ा

छतरपुर। सिविल लाइन थाना पुलिस ने सात साल पुराने अवैध वसूली, मारपीट और संपत्ति को नुकसान के मामले तथा दो साल पुराने अवैध हथियार के मामले में फरार 4000 रुपये के इनामी आरोपी मनोज सोनी उर्फ मंजू को गिरफ्तार कर लिया। मनोज सोनी, जो श्री राम कॉलोनी, सटई रोड, छतरपुर का निवासी है, को बीएसएनएल तिराहा से अवैध धारदार हथियार के साथ पकड़ा गया। उसके खिलाफ सिविल लाइन थाने में आयुध अधिनियम के तहत अलग से मामला दर्ज किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे, प्रधान आरक्षक बुद्ध सिंह और आरक्षक अजय प्रताप सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# स्वच्छ भारत मिशन में भ्रष्टाचार, खुले में शौच से मुक्त रखने का दावा निरर्थक

**रीवा ।** जिले में स्वच्छ भारत मिशन में जिम्मेदार अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत के कर्मचारी एवं सरपंचों की मिली भगत से खुलकर भ्रष्टाचार किया गया। जिम्मेदारों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार का परिणाम यह रहा की करोड़ों खर्च करने के बाद भी खुले में शौच मुक्त का दवा निरर्थक साबित हो रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के नाम पर शासन द्वारा खुले में शौच मुक्त राष्ट्र के इरादे से अकूत पैसा खर्च किया गया। लेकिन शासन द्वारा योजना लाने से आज डेढ़ दशक का अंतराल गुजर जाने के बाद भी जमीनी स्थिति देखा जाए तो हालात बद से बदतर है। कहने के लिए तो जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा नगर परिषदों से लेकर ग्राम पंचायतों को पूर्ण ओडीएफ घोषित किया जा चुका है। लेकिन जमीनी हालात बोलते हैं कि जिले का कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जहां आज भी 30 फीसदी आबादी खुले में शौच न करती हो। कुछ इस तरह का नजारा कोई एक दो ग्राम पंचायतों या नगर परिषदों का नहीं है बल्कि रीवा जिले क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी जनपद क्षेत्र के साथ-साथ नगर पंचायतों के भी एक जैसे हालात है। स्वच्छ भारत मिशन को जमीनी जामा पहनाने के लिए शासन स्तर पर सभी विकास खण्डों में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए गए हैं जिनके देखरेख में ग्राम पंचायत क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों के घरों में एक निश्चित राशि मुफ्त देकर शौचालय निर्माण कार्य कराया जाना था। लेकिन योजना का आम जनता को कितना लाभ मिला जिम्मेदारों द्वारा कागज में किया जा रहे दावे वास्तव में खोखले साबित हो रहे हैं। रीवा जिला क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी ऐसे गांव है जहां अधूरे पड़े शौचालयों के कारण लोगों को खुले में शौच जाने की मजबूरी है। वास्तव में जो जमीनी हालात बोलते हैं उससे जाहिर होता है कि ब्लॉक से लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा समस्या पर ध्यान नहीं दिए जाने से शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों को खुले में शौच से मुक्त रखने का दावा खोखला साबित हो रहा है। जमीनी हालात का जायजा लिया जाए तो यहां शौचालय निर्माण के लिए आई धनराशि खर्च किए जाने के बाद भी हकीकत कुछ ही





कहानी बयां कर रही है।बॉक्स राष्ट्रपति पुरस्कृत पंचायतों की स्थिति बद से बदतर स्वच्छ भारत मिशन द्वारा बेहतर कार्य किए जाने के लिए विकासखंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा तैयार की गई सूची का जिला पंचायत द्वारा अनुमोदन करने पर बीते एक दशक पूर्व दर्जनों ग्राम पंचायतों को स्वच्छता के लिए देश के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया गया था। लेकिन इन पुरस्कृत पंचायतों की जमीनी स्थिति देखी जाए तो इन ग्राम पंचायतों के भी हालात बद से बदतर है। रीवा जिले के कुछ चुनिंदा ग्राम पंचायतों को महामहिम राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया गया था लेकिन कागज में हुए बेहतर कार्य के कारण आज भी राष्ट्रपति पुरस्कृत इन ग्राम पंचायत के हाल भी बदहाल है। सबसे बड़ी बात इसमें यह देखने को मिल रही है कि जनपद पंचायत क्षेत्र में पदस्थ जिम्मेदारों द्वारा जो भी कागज में कार्यों की पूर्णता दिखाई जा रही है इसकी पुष्टि जिला पंचायत में भी हो रही है। जबकि ऐसे कार्यों की विधिवत परख होनी चाहिए। लोगों का कहना है यदि जिले में बैठे प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की आज भी जांच कराई जाए तो कई पंचायत सचिव रोजगार सहायक इंजीनियर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर से लेकर जिम्मेदार हासिए पर खड़े नजर आएंगे। इतना ही नहीं स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों में खेल करने वाले इन जिम्मेदारों से भारी भरकम राशि की रिकवरी भी हो सकती हैबॉक्स पंचायतों में अधूरे पड़े शौचालयरीवा जिले के नगर परिषद क्षेत्र के हालात हो या फिर ग्राम पंचायतों के जहां देखा जाए वही आधे अधूरे पड़े शौचालय एक दशक बाद भी अपनी पूर्णता की बाट जोहते नजर आते हैं। जहां देखा जाए उसी ग्राम पंचायत या बस्ती में लोगों के घरों में बनाए गए अधिकांश शौचालय अधूरे पड़े हैं। कहीं सेप्टी टैंक का ढक्कन नहीं लगाया गया तो कहीं शौचालय में छत नहीं डाली गई इतना ही नहीं अधिकांश शौचालयी में दरवाजे तक नहीं लगाए गए। जिसके कारण अधूरे पड़े यह शौचालय ग्रामीणों के लिए बेमतलब साबित हो रहे हैं। और यही कारण है कि रीवा जिला क्षेत्र की 30 फीसदी से भी अधिक की आबादी आज भी खुले में शौच करने को मजबूर है। कुछ इस तरह के हालात स्वच्छ भारत मिशन के हैं जो वास्तव में जांच का विषय है यदि शासन एवं प्रशासन स्तर पर खर्च की गई राशि और जिम्मेदारों द्वारा पेश किए गए बेहतर आंकड़ों की जांच कराई जाए तो कई जिम्मेदार कटघरे में खड़े हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### कार से हो रही थी कोरेक्स की तस्करी, दो युवक गिरफ्तार, 96 शीशियों के साथ पुलिस ने कार की जब्त



**रीवा।** मादक पदार्थों की अवैध तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चोरहटा पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। शुक्रवार रात मुखबिर की सूचना पर एक आई-10 कार को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद की गई। कार में सवार दो युवकों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया है, चोरहटा थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने बताया कि मैदानी क्षेत्र के समीप संदेह के आधार पर एक सफेद रंग की कार को रोका गया। तलाशी के दौरान वाहन से कुल 96 शीशियां कोरेक्स कफ सिरप बरामद हुईं, जिनकी बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 18 हजार रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रियांशु तिवारी और सागर विश्वकर्मा के रूप में हुई है, जो कथित तौर पर नशीली दवाओं की तस्करी में संलिप्त पाए गए। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं सहित ड्रग कंट्रोल अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है। चोरहटा पुलिस बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है, जिससे यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि वे यह कफ सिरप कहां से लाए थे और किन स्थानों पर इसकी आपूर्ति की जानी थी

### साड़ी चोरी कर फुटपाथ पर बेचने निकली महिला, दुकानदार ने पीछा कर पकड़वाया, 900 रुपए की साड़ी महज 200 में बेची

**रीवा।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत जानकी पार्क स्थित एक कपड़ा दुकान में मंगलवार को उस समय सनसनी फैल गई जब एक अधेड़ महिला साड़ी खरीदने के बहाने दुकान से साड़ी चोरी कर फरार हो गई। महिला ने चुराई गई 900 रुपए की साड़ी को मात्र 200 रुपए में फुटपाथ पर बर्तन बेचने वाली एक महिला को बेच दिया। लेकिन दुकानदार की सतर्कता से महिला को कुछ ही देर में पकड़ लिया गया। जिसके बाद सिविल लाइन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच की जा रही है। बता दे दोपहर करीब 1 बजे के आसपास एक अधेड़ महिला जानकी पार्क क्षेत्र की एक साड़ी दुकान में पहुंची। उसने खुद को ग्राहक बताते हुए कई साड़ियां मंगवाईं और देखने लगी। इस दौरान उसने बड़ी ही चतुराई से एक साड़ी अपने बैग में रख ली और दुकान से बाहर निकल गई। दुकानदार को महिला की गतिविधियों पर पहले से शक था, ऐसे में जब साड़ियों की गिनती की गई, तो एक साड़ी कम पाई गई,दुकानदार ने तत्काल महिला का पीछा शुरू किया और कुछ ही दूरी पर स्थित स्टेच्यू चौराहा क्षेत्र में महिला को देख लिया। पूछताछ में महिला ने बताया कि उसने वह साड़ी पास में ही बर्तन बेचने वाली एक महिला को 200 रुपए में बेच दी है। दुकानदार ने तत्काल उस महिला से संपर्क कर साड़ी बरामद कर ली।




## मंदिर दर्शन करने जा रहे वृद्ध को ट्रक ने मारी टक्कर, मौके पर मौत

**रीवा ।** जिले के सगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेज रफ्तार ट्रक चालक ने सडक़ किनारे पैदल जा रहे वृद्ध को कुचल दिया,जिससे वृद्ध की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। बता दे यह सडक़ हादसा शनिवार की सुबह सगरा थाना क्षेत्र के रायपुर कर्चु.मोड़ के समीप हुआ है। हादसे के बाद ट्रक लेकर चालक फरार हो गया है,जिसकी पुलिस तलाश में जुटी हुई है। जानकारी देते हुये विजय विश्वकर्मा निवासी सगरा ने बताया कि उनके बड़े पिताजी रामकरण विश्वकर्मा उम्र 72 साल रोजाना की तरह शनिवार सुबह तकरीबन 4 बजे पैदल झूलन दास मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान रायपुर कर्चुलियान मोड़ के समीप अज्ञात ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सडक़ पर गिर गए और उन्हें कुचलता हुआ ट्रक निकल गया। विजय ने बताया कि उसके बड़े पिताजी नियमित सुबह 4 बजे मंदिर दर्शन करने जाया करते थे। शनिवार को भी वह घर से दर्शन करने ही निकले थे और उसके कुछ ही देर बाद पता चला कि वह सडक़ हादसे का शिकार हो गए हैं। जब तक परिजन घटनास्थल पहुंचे तब तक उनकी जान जा चुकी थी। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रहे हैं।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान अन्तर्गत कार्यक्रम का हुआ आयोजन, एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया गया वृक्षारोपण



**रीवा।** विकसित कृषि संकल्प अभियान अन्तर्गत गत दिवस ग्राम माला ममं आयोजित कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों व कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही राष्ट्रीय कृषि खेती मिशन एवं कृषि अभियांत्रिकी से संबंधित जानकारी दी गई। जनप्रतिनिधियों व किसानों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन की योजनाओं से किसानों को अवगत कराते हुए आय में वृद्धि के संबंध में विस्तार से जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक डॉ. ए.के. पटेल, मुनीश पाण्डेय, सरल जी, दीपक श्रीवास्तव, श्रीमती ललिता साकेत, आदर्श पाण्डेय, अभिषेक शर्मा, राहुल पाटीदार ने किसानों को उन्नत तकनीक की जानकारी दी। इस दौरान कृषक शेष प्रताप सिंह द्वारा बोई गई ग्रीष्म कालीन मूंग का निरीक्षण कृषि वैज्ञानिकों ने किया। कार्यक्रम के उपरांत एक पेंड माँ के नाम अभियान अन्तर्गत आम, बडहर के पौधे रोपे गये। कार्यक्रम के लगभग 104 किसानों की उपस्थिति रही। इस प्रकार विकासखंड रीवा के जिला रीवा में, ग्राम पंचायत मधेपुर में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसान संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कृषि वैज्ञानिक डॉ. किंजलक सिंह, डॉ. स्मिता सिंह, अरुण शुक्ला, डॉ. वंदना द्विवेदी विकासखंड तकनीकी प्रबंधक आत्मा, साक्षी द्विवेदी, डॉ. अंजली गौतम, सरपंच एवं रोजगार सहायक शामिल हुए ।कार्यक्रम में कृषकों को नवीनतम किस्म, कृषि यंत्र, मृदा जांच, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ,कस्टम हायरिंग,नरवाही प्रबंध एवं सुपर सीडर के बारे में जानकारी दी गई, और कृषि एवं संबंधित विभागों की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

## मामूली विवाद में युवक पर कुदारी से हमला

**रीवा ।**

जिले के गोविंदगढ़ थाना अंतर्गत मामूली बात पर हुए विवाद में युवक पर आरोपी ने कुदारी से हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। बता दे गोविन्दगढ़ थाने के अमिरती गांव निवासी जब्बार खान उर्फ केके पिता दिलबहार बड़ी पांती गांव में पत्थर डालने गया था। पत्थर डालने के दौरान जितेन्द्र आदिवासी पिता रामधार निवासी बड़ी पांती से उसका विवाद हो गया। जितेंद्र उक्त जमीन को अपनी बता रहा था और पत्थर डालने से मना कर रहा था। इस पर शुरू हुए विवाद में उसने युवक पर कुवारी से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर शराबा सुनकर वहां मौजूद लोगों ने बीचबचाव किया जिस पर आरोपी फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया। पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया। घटना को अंजाम देने वाला आरोपी बाहर भागने की फिराक में था जिसको पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुदारी भी जब्त की गई है। थाना प्रभारी निशा खुता ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आयेंगे उस आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार मनगवां पुलिस ने की कार्रवाई

**रीवा ।** जिले के मनगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत शादी का झांसा देकर युवक ने युवती के साथ बलात्कार किया और लगातार उसका शारीरिक शोषण



करता रहा। युवती की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बता दे मनगवां थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती के साथ आरोपी अभिषेक उपाध्याय पिता मनमोहनलाल निवासी तिउनी रेतियान टोला थाना मनगवां ने बलात्कार किया था। बाद में आरोपी ने उसको शादी का झांसा दिया जिस पर पीड़िता ने शिकायत दर्ज नहीं कराई। उसके बाद लगातार दो सालों से उसका शारीरिक शोषण करता रहा। जब पीड़िता उससे उससे शादी करने के लिए बोलती हो वह टाल जाता था। बाद में युवक ने युवती से शादी करने से इंकार कर दिया। पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसको न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी वर्षा सोनकर ने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर जांच की जा रही है।

## कोतवाली पुलिस के प्रतिवेदन में तीन आदतन अपराधियों का हुआ जिला बदर, एक वर्ष तक रहेंगे जिले से बाहर

**रीवा ।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत विगत कई वर्षों से समय से आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वाले तीन आदतन अपराधियों के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही की गई है। बता दे सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद सिंह राठौर ने बताया कि थाना क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वाले आरोपियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही थी बावजूद इसके बदमाशों की आदत में सुधार नही हो रहा था।

आरोपियों के द्वारा क्षेत्र में आम जनमानस में भय व्याप्त करने की लगातार मिल रही शिकायतों एवं आपराधिक प्रकरणों की सूची तैयार कर तीन आरोपियों के विरूद्ध पुलिस अधीक्षक कार्यालय भेजा गया था जिस पर प्रतिवेदन जिला दण्डाधिकारी को भेजा गया,तत्पश्चात तीनों आरोपी क्रमशः बड़े उर्फ विष्णू शक्ति शर्मा पिता रेवा प्रसाध शर्मा निवासी रानीतालाब, संदीप चिकवा




पिता रामकृपाल चिकवा निवासी चिकान टोला एवं मिथुन बंसल उर्फ चमन पिता मुन्नालाल बंसल निवासी नया तालाब गुढ़ चौराहा के विरूद्ध जिलादण्डाधिकारी द्वारा एक वर्ष का जिला बदर घोषित किया गया है। जो रीवा समेत सीमा से लगे राजस्व सीमाओं से बाहर रहेंगे।

## युवक के साथ मारपीट करने के बाद कान में डाल दिया पेचकस, हालत गंभीर, सगरा थाना के नवागांव का मामला

**रीवा।** जिले के सगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवागांव में बीती रात्रि मारपीट की घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसे उपचार के लिये संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मारपीट की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार बताया जा रहा है। मामले को लेकर पीड़ित के भाई सुंदरलाल साकेत निवासी नवागांव ने बताया कि उसका भाई रज्जन साकेत गांव में ही संचालित एक ट्रेडर्स के प्लांट में रात में चौकीदारी करता था। सुंदर के मुताबिक वहीं का एक अन्य कर्मचारी दीपक साकेत बीती शाम रज्जन के ऊपर फावड़े और पेचकस से हमला कर दिया। इस दौरान आरोपी ने फावड़े से घायल के सिर पर कई वार किये और कान में पेचकस भी डाल दिया। घायल के भाई ने बताया कि पूर्व में दीपक द्वारा शराब के नशे में मारपीट की गई थी, जिस मामले में वह गवाह था और थाने में उसके खिलाफ गवाही दी थी, जिसके चलते मारपीट की वारदात को आरोपी ने अंजाम दिया। फिलहाल घायल की स्थिति नाजुक बतायी जा रही है, जिसका उपचार चल रहा है।



## कार्यपालन यंत्री टीपी गुर्देवान एक बार फिर विवादों के घेरे में, कहा- बैक डेट में कागज बनाकर नौकरी बचाई,



**रीवा।** जिले में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री टीपी गुर्देवान से जुड़ा एक नया मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक हलकों में खलबली मच गई है। वायरल हो रहे एक वीडियो में गुर्देवान एक उपयंत्री को बचाने के लिए पुरानी तारीखों में दस्तावेज तैयार कराने की बात स्वीकार करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में वह इस उपलब्धि को लेकर आत्मप्रशंसा करते भी सुने जा रहे हैं,कलेक्टर ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए गुर्देवान को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और तीन दिनों के भीतर संतोषजनक जवाब मांगा है। साथ पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए संभागीय कमिश्नर बीएस जामोद ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा क्रमांक-1 रीवा के कार्यपालन यंत्री पी.पी. गुर्दमान को कर्तव्य के प्रति उदासीनता तथा शासकीय दायित्व में लापरवाही पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बता दे मामले की जड़ें उस वक्त और गहरी हो गईं जब विधायक अभय मिश्रा की शिकायत के बाद सामने आए एक अन्य बयान में गुर्देवान ने स्वीकार किया कि उन्होंने जानबूझकर एक उपयंत्री के खिलाफ जांच रिपोर्ट में बदलाव किया। उनके अनुसार, वे नहीं चाहते थे कि उनके हस्ताक्षर से किसी कर्मचारी की नौकरी चली जाए। इस मानवीय कारण का हवाला देते हुए उन्होंने कई दस्तावेज पुराने दिनांक में तैयार करवा दिए। एक और वीडियो, जो हाल ही में सामने आया है, ने विवाद को और भी जटिल बना दिया है। इसमें गुर्देवान एक सामाजिक कार्यकर्ता से बातचीत करते हुए न केवल शिकायतें वापस लेने का दबाव बना रहे हैं, बल्कि यह कहते सुने जा रहे हैं कि शिकायतों से कुछ नहीं होता, ऊपर वालों को पैसे चाहिए होते हैं। बॉक्स पहले भी लग चुके हैं गंभीर आरोपगुर्देवान इससे पहले भी कई विवादों में रहे हैं। उन पर फर्जी डिग्री प्रस्तुत करने, दस्तावेजों में हेराफेरी और ठेकेदारों को अनुचित लाभ पहुंचाने जैसे गंभीर आरोप लग चुके हैं। अब जब वह इसी माह सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं, तब उनके विरुद्ध एक के बाद एक सामने आ रहे मामलों ने विभाग की छवि पर भी असर डाला है।

## मऊगंज में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का हुआ आयोजन



**मऊगंज।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर संजय जैन ने की, बैठक मे पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह, यातायात प्रभारी अम्बरीष, एमपीआरडीसी, नगर परिषद, आरटीओ विभाग, राजस्व विभाग, पीडब्ल्यूडी तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में बढ़ते सड़क हादसों पर नियंत्रण पाने के लिए प्रभावी रणनीति बनाना था। अधिकारियों ने इस पर गंभीरता से विचार किया कि सड़क दुर्घटनाओं को किस प्रकार रोका जाए। यातायात पुलिस को निर्देश दिए गए कि वे आमजन में जागरूकता फैलाने के लिए प्रचार वाहन के माध्यम से अभियान चलाएं।शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई। यह तय किया गया कि मऊगंज शहर को स्वच्छ, सुंदर और जाम मुक्त बनाने के लिए बस स्टैंड और ऑटो स्टैंड की नई जगहों का चयन किया जाएगा। इससे शहर में यातायात व्यवस्था को सुधारने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही सब्जी मंडी के लिए एक अलग भूखंड के आवंटन पर भी विस्तार से चर्चा हुई, जिससे अनावश्यक भीड़भाड़ और यातायात बाधाएं कम की जा सकें।स्कूल बसों की सुरक्षा को लेकर भी बैठक में विचार-विमर्श हुआ। यह निर्देश दिए गए कि सभी स्कूल बसों की जांच की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि वे निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप चल रही हैं तथा उनके पास सभी आवश्यक दस्तावेज मौजूद हैं। हाइवे मे सुधार कार्य किए जायेंगे, अत्यधिक दुर्घटना वाले स्थान पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए जाएंगे और रिफ्लेक्टर लगाए जाएगा , जिससे सड़क दुर्घटना को रोका जा सके।इस बैठक से स्पष्ट संकेत मिला कि प्रशासन सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर है और नागरिकों की सुरक्षा तथा शहर की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु ठोस कदम उठा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हर माह बैठक का आयोजन किया जाएगा।




## पुलिस ने नाबालिग गुमशुदा को प्रयागराज से दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द

**मऊगंज**

नईगढ़ी थाना प्रभारी जगदीश सिह ठाकुर ने बताया कि दिनांक 2/6/25 को फरियदिया थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराई कि मेरी लड़की जिसकी उम्र 15 वर्ष है जो घर से नाराज़ होकर बिना बताये कही घर से चली गयी है,रिपोर्ट पर बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर गुमशुदा की पता तलास कि गई,पता तलास के दौरान साइबर सेल की मदद से जानकारी प्राप्त हुई कि गुमशुदा प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) मे है जिस पर थाना प्रभारी ने नईगढी से टीम रवाना कर प्रयागराज से नाबालिग गुमशुदा लड़की को दस्तयाब कर गुमशुदा के परिजनो को सुपुर्द किया गया।